मोर मकान मोर आस योजना के तहत 41 हितग्राहियों को मिला खुद का आवास

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र के 41 हितग्राही अब अपने स्वंय के आवास में निवास करेंगे लाॅटरी के माध्यम से अपना मकान पाकर खुशी से झूम उठे और उन्होंने शासन प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को आज आवास आबंटन के लिए लॉटरी निकाली गई। इसमें 41 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया, जिससे उनका खुद के आवास का सपना पूरा हुआ। मोर मकान मोर आस के अंतर्गत सूर्या विहार में 14, माइल स्टोन में 02, एनआर स्टेट में 01 दिव्यांग, अविनाश में 01 वरिष्ठ नागरिक एवं सूर्या विहार में 02 वरिष्ठ नागरिक इसी प्रकार मोर आस मोर चिन्हारी के अंतर्गत सूर्या विहार में 09 तथा माइल स्टोन में 12 हितग्राहियों को लाॅटरी के माध्यम से आबंटन किया गया। आवंटन प्रक्रिया में तीन वरिष्ठ नागरिक एवं 01 दिव्यांग को प्राथमिकता के आधार पर भूतल में आवास आवंटित हुआ है। खुद का आवास मिलने पर महापौर नीरज पाल ने सभी हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 10 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में निगम में उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने अंशदान की राशि जमा की थी उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आस के 29 तथा मोर मकान मोर चिन्हारी के 21 हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतल में आवास पाने के लिए दिव्यांग आवेदक एवं वरिष्ठजन को प्रमाण पत्र लॉटरी में शामिल होने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में चिन्हित था। आवास आबंटन के दौरान आज प्रमुख रूप से सभापति गिरवर बंटी साहू , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा , आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन , पीएम आवास से सामाजिक विशेषज्ञ जीवन ताम्रकार , आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, प्रिया खैरवार आदि मौजूद रहे।